# मरीज के गुर्दे से निकाली 200 से ज्यादा पथरी

जोधपुर @ पत्रिका. कमला नगर हॉस्पिटल में जैसलमेर निवासी 43 वर्षीय शंकरराम सुथार के गुर्दे का जटिल ऑपरेशन दूरबीन से कर पथरी निकाली। काफी समय से पेट में दर्द से परेशान शंकरराम की जांच करने पर उनके गुर्दे में 200 से अधिक पथरियां पाई गई। यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रकाश चौधरी ने बिना चीरफाड़ के दूरबीन से सारी पथरी निकालने का सफल ऑपरेशन किया। उन्होंने बताया कि एक ही मरीज के गुर्दे मे 200 से ज्यादा पथरी के मामले दुर्लभ होते हैं। संचालक डॉ. राम गोयल ने बताया कि पहले लॉकडाउन और कोरोना की वर्तमान परिस्थिति से गुर्दे की तकलीफ वाले मरीजों में इन दिनों तकलीफ बढी है।